# ट्रांज़िशन (अवस्थांतर): स्कूल जाना शुरू करने के लिए एक सकारात्मक शुरूआत

## परिवारों के लिए सूचना पत्र

**इस साल जैसे-जैसे आप और आपकी संतान व्यवस्थित होगें, तो आपको लगेगा कि स्कूल जाना शुरू करने में अभी बहुत समय है। स्कूल जाना शुरू करना चुनौतीपूर्ण और रोचक, दोनों, हो सकता है, और यह सूचना पत्र इस संबंधी कुछ जानकारी प्रस्तुत करता है कि आपकी संतान का एर्ली चाइल्डहुड प्रोग्राम साल के आगे बढ़ने के साथ-साथ किस प्रकार स्कूल के लिए ट्रांज़िशन में आपकी और आपकी संतान की सहायता करेगा।**

आपकी संतान पहले ही जीवन में कई छोटे-बड़े ट्रांज़िशन (परिवर्तनों) का अनुभव कर चुकी है। आपकी संतान नए या कम परिचित परिवेश (उदाहरणत: जब आप छुट्टियों पर जाते हैं, उसे चाइल्ड केयर या किंडरगार्टन ले जाना शुरू करते हैं, प्ले डेट्स पर जाते हैं, यहाँ तक कि एक गतिविधि या नियमित कार्यक्रम से दूसरी गतिविधि या नियमित कार्यक्रम में परिवर्तित या ट्रांज़िशन करते हैं) को लेकर कैसे प्रतिक्रिया करती है, यह दर्शाता है कि आपकी संतान नए परिस्थितियों पर कैसे प्रतिक्रिया करती है और इसमें उनकी सहायता कैसे सबसे अच्छे ढंग से करनी चाहिए।

### स्कूल जाना शुरू करने के लिए एक सकारात्मक शुरूआत क्यों महत्वपूर्ण है?

स्कूल जाना शुरू करने की एक सकारात्मक शुरूआत से आपकी संतान के लिए ट्रांज़िशन और उसके बाद भी, दोनों, परिस्थितियों में शिक्षा तथा कल्याण के बेहतर परिणाम सामने आते हैं। इससे आपकी संतान के लिए सीखने और विकास करने की निरंतरता का समर्थन करने में मदद मिलती है और यह उन्हें सुरक्षित, आत्म-विश्वासपूर्ण और नए लोगों व स्थानों से जुड़े होना महसूस करने में सहायता देता है।

### अपनी संतान का स्कूल में नाम लिखवाना

अधिकांश प्राईमरी स्कूल बच्चों को स्कूल जाना शुरू करने के एक साल पहले, मई में अपनी नामांकन प्रक्रिया शुरू करते हैं। जब आप अपनी संतान का नाम स्कूल में लिखवाते/लिखवाती हैं, तो आप ट्रांज़िशन टू स्कूल प्रोग्रामों और गतिविधियों के माध्यम से स्कूल के बारे में जानने के अवसरों का अधिक से अधिक लाभ उठाते हैं। सबसे प्रभावी ट्रांज़िशन प्रोग्राम साल के अंत से बहुत पहले शुरू होकर स्कूल शुरू होने के पहले कुछ दिनों के काफी बाद तक चलते हैं।

### ट्रांज़िशन टू स्कूल प्रोग्राम (स्कूल परिवर्तनकाल कार्यक्रम) और गतिविधियाँ

ट्रांज़िशन टू स्कूल प्रोग्रामों और गतिविधियों में भाग लेने से आपको और आपकी संतान को इस बात की बेहतर समझ प्राप्त होने में मदद मिलेगी कि स्कूल कैसा होगा और साथ ही इससे आपको व आपकी संतान को स्कूल आने वाले अन्य बच्चों और परिवारों के साथ मित्रता करने में भी मदद मिलेगी।

### ट्रांज़िशन लर्निंग एंड डवेलमेंट स्टेटमेंट (परिवर्तनकाल शिक्षा और विकास वक्तव्य)

आपकी संतान की एर्ली चाइल्डहुड शिक्षिका *Transition Learning and Development Statement* (ट्रांज़िशन स्टेटमेंट – अवस्थांतर वक्तव्य) लिखेगी। यह ट्रांज़िशन स्टेटमेंट आपकी संतान की रूचियों, कौशल और क्षमताओं का सार देगी। इसमें व्यक्तिगत विधियों और शिक्षण संबंधी कार्यनीतियों की भी पहचान की जाएगी ताकि आपकी संतान का स्कूल और प्रेप टीचर जल्दी से आपकी संतान को जान सके और उसके लिए उचित शिक्षण और अध्यापन कार्यक्रमों की योजना बना सके।

यदि आप अपनी संतान को स्कूल के कार्य-समय के पश्चात की देखभाल (Outside School Hours Care - OSHC) सेवा में भेजने की योजना बना रहे हैं, तो ट्रांज़िशन स्टेटमेंट OSHC सेवा को भी दी जा सकती है। ट्रांज़िशन स्टेटमेंट OSHC शिक्षकों को आपकी संतान की रूचियों के लिए योजना बनाने में मदद करती है और एर्ली चाइल्डहुड, स्कूल और OSHC के बीच निरंतरता का समर्थन करती है।

आपकी संतान के स्कूल में ट्रांज़िशन करना शुरू करने के साथ-साथ ट्रांज़िशन स्टेटमेंट आपकी संतान की शिक्षा को समझने, इसमें सहायता देने, इसके बारे में बातचीत करने और इसका पक्षसमर्थन करने में आपकी मदद कर सकती है। आपको आपकी संतान की संपूर्ण ट्रांज़िशन स्टेटमेंट की प्रति दी जाएगी।

आपकी संतान की ट्रांज़िशन स्टेटमेंट में आपकी संतान के बारे में कुछ निजी जानकारी शामिल होती है, इसमें आपकी संतान का नाम, उसकी जन्म-तिथि और फोटो, साथ ही आपका नाम और संपर्क विवरण शामिल हैं। यदि प्रासंगिक हो, तो इसमें आपकी संतान की सहायता करने वाले अन्य एर्ली चाइल्डहुड व्यवसायियों के नाम और संपर्क विवरण भी शामिल होंगे।

ट्रांज़िशन स्टेटमेंट आम-तौर पर टर्म 4 में लिखी जाती हैं, परन्तु यदि आपकी संतान किसी विकलांगता या विकासात्मक विलंब से पीड़ित है, तो हो सकता है कि आपकी संतान की एर्ली चाइल्डहुड शिक्षिका आवश्यक समावेशन समर्थन के बारे में आपके और आपकी संतान के चुने स्कूल से वार्तालाप की शुरूआत के तौर पर समय से पहले जून/जुलाई के आसपास ट्रांज़िशन स्टेटमेंट लिखे।

क्योंकि आप अपनी संतान के बारे में कितना कुछ जानते हैं, इसलिए स्टेटमेंट में आपका योगदान अहम होता है। आपको ट्रांज़िशन स्टेटमेंट का एक अनुभाग पूरा करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। ट्रांज़िशन स्टेटमेंट के इस अनुभाग को भरने से स्कूल को यह जानने में मदद

मिलेगी कि वह आपकी व आपकी संतान की मदद कैसे कर सकते हैं ताकि स्कूल में शुरूआत आप दोनों के लिए बढ़िया हो सके।

एक अनुभाग आपकी संतान द्वारा भरने के लिए भी होता है (किसी वयस्क की मदद के साथ, जो आप या एर्ली चाइल्डहुड शिक्षिका हो सकती है)। इस अनुभाग में आम-तौर पर ड्राइंग शामिल होती है और इसमें यह रिकॉर्ड किया जाता है कि आपकी संतान स्कूल से जुड़ी किस बात को लेकर जिज्ञासु है और स्कूल जाना शुरू करने के बारे में वह क्या सोचती है।

## आपकी संतान के स्कूल के साथ सूचना का आदान-प्रदान कैसे किया जाता है

2018 से, ट्रांज़िशन स्टेटमेंट *Insight Assessment Platform* (ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जिसमें आंकलन संबंधी टूल्स/साधन शामिल हैं) पर होस्ट किए जाने वाले एक ऑनलाइन टूल का प्रयोग करके पूरी तथा सांझी की जाएगी और संभाल कर रखी जाएगी। *Insight Assessment Platform* पर होस्ट की जाने वाली संपूर्ण सूचना को ऑस्ट्रेलिया में सुरक्षित रूप से संभाल कर रखा जाता है।

*Insight Assessment Platform* का प्रयोग पहले से ही सभी विक्टोरियाई सरकारी स्कूलों में किया जाता है और यह स्कूलों को आपकी संतान के शिक्षण और विकास का स्थायी रिकॉर्ड बनाने की योग्यता देता है। हो सकता है कि कुछ कैथोलिक और स्वतंत्र स्कूल भी *Insight Assessment Platform* के माध्यम से आपकी संतान की ट्रांज़िशन स्टेटमेंट प्राप्त करें या उन्हें आपकी संतान की एर्ली चाइल्डहुड सेवा से कागज़ी या इलेक्ट्रॉनिक कॉपी मिले।

शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग (Department of Education and Training) [विभाग - Department] बाहरी सेवा प्रदाताओं को अपने कुछ कार्यों का कांट्रेक्ट देता है। ऐसी परिस्थितियों में, कांट्रेक्ट देने की प्रक्रिया के भाग के तौर पर विभाग द्वारा डेटा संबंधी सुरक्षा उपाय आवश्यक बनाए जाते हैं। विभाग ने *Insight Assessment Platform* का गोपनीय प्रभाव आंकलन का संचालन किया है ताकि विभाग की सूचना गोपनीयता नीति www.education.vic.gov.au/Pages/privacypolicy का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

विभाग ट्रांज़िशन स्टेटमेंट्स से मिली जानकारी और कुछ स्कूली नामांकन आंकड़ों का प्रयोग निरीक्षण और अनुसंधान संबंधी उद्देश्यों के लिए कर सकता है। यह जानकारी सांख्यिकीय रूप (उदाहरणत: संख्याएँ और ग्राफ) में प्रस्तुत की जाएगी और इससे अलग-अलग बच्चों के नाम की पहचान **नहीं** होगी।

*Insight Assessment Platform* के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग से psts@edumail.vic.gov.au पर संपर्क करें।

## और अधिक जानकारी के लिए

कृपया www.education.vic.gov.au/transitiontoschool देखें

इस दस्तावेज का अनुवाद कई भाषाओं में किया गया है जो www.education.vic.gov.au/transitiontoschool पर उपलब्ध हैं।